UK college admissions: कॉलेजों में नए प्रवेश को लेकर उत्तराखंड सरकार की घोषणा, 01 सितंबर से खुलेंगे विश्वविद्यालय

Published By: Alakha | हिन्दुस्तान टाइम्स,देहरादून

Last updated: Thu, 21 May 2020 09:06 PM

उत्तराखंड सरकार ने गुरुवार को कॉलेजों में नए सत्र के लिए शुरू होने वाली प्रवेश प्रक्रिया की तिथियां घोषित कर दीं। उत्तराखंड के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में एक सितंबर से प्रवेश शुरू होगा। उत्तराखंड सरकार के मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने इस संबंध में गुरुवार शाम को एक आदेश जारी किया है।

उत्तराखंड सरकार के आदेश में कहा गया है कि देश और राज्य में कोरोना वायरस के बढ़ते मामले के बीच राज्यभर के शैक्षिक संस्थान, कॉलेज, विश्वविद्यालयों की पढ़ाई प्रभावित है। सभी कॉलेज और विश्वविद्यालयों को निर्देश दिए जा रहे हैं इस साल का सिलेबस 7 जून तक पूरा कर लिया जाना चाहिए। जो परीक्षाएं रह गई हैं उन्हें 1 जुलाई से और एक महीने के भीतर पूरी कर ली जानी चाहिए।

आदेश में आगे कहा गया कि नए सत्र के लिए जिन छात्रों का एडमिशन हो चुका है उनकी कक्षाएं हर हाल में एक अगस्त से शुरू हो जानी चाहिए। साथ ही नए सत्र के लिए शेष प्रवेश 1 सितंबर से शुरू होंगे। मुख्य सचिव ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों के बारे में जल्द ही स्कूल और कॉलेजों को सूचित किया जाएगा।

लाइव हिन्दुस्तान टेलीग्राम पर भी उपलब्ध है। यहां क्लिक करके आप सब्सक्राइब कर सकते हैं। (https://t.me/Hindustan)

आज का अखबार नहीं पढ़ पाए हैं? हिन्दुस्तान ePaper मुफ्त में पढ़िए। (https://epaper.livehindustan.com/?utm_source=LH&medium=referral)